11 घटनाएं : हिन्दू पहचान के कारण मुस्लिम शिक्षकों द्वारा हिन्दू छात्रों का उत्पीड़न


यह रिपोर्ट वर्ष **2021 से 2025 तक** उन **11 घटनाओं पर आधारित** है, जिनमें भारत के विभिन्न राज्यों के स्कूलों में **मुस्लिम शिक्षकों द्वारा हिन्दू छात्रों को** उनकी **हिन्दू पहचान के कारण प्रताड़ित** किया गया।

उत्तर प्रदेश के एटा के मरथरा स्थित एक निजी स्कूल में 27 अगस्त, 2025 को कक्षा 4 के **हिन्दू छात्र कों** अपनी **कॉपी पर "जय श्री राम"** लिखने की वजह से **मुस्लिम शिक्षक शाकिर हुसैन ने** पहले **छात्र की कॉपी फाड़ दी** और फिर उसकी बेरहमी से पिटाई की।

क्रमांक	दिनांक	विवरण	स्थान
1)	27 अगस्त, 2025	**कॉपी पर जय श्रीराम लिखने पर मुस्लिम शिक्षक ने की पिटाई** **स्थान-** एटा, उत्तर प्रदेश **आरोपी का नाम-** शाकिर हुसैन **पीड़ित का नाम-** हिन्दू छात्र **विवरण-** मरथरा स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 4 का **हिन्दू छात्र कों** अपनी **कॉपी पर "जय श्री राम"** लिखने की वजह से **मुस्लिम शिक्षक शाकिर हुसैन ने** पहले **छात्र की कॉपी फाड़ दी** और फिर उसकी बेरहमी से पिटाई की। घटना के विरोध में छात्र के परिजन और स्थानीय ग्रामीण स्कूल पहुंचे और हिंदूवादी संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने शिक्षक शाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया।	 bhaskar
2)	18 मई 2025	**कक्षा 6 के छात्र की चोटी काटने पर मुस्लिम शिक्षिका गिरफ्तार** **स्थान-** मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश **आरोपी का नाम-** शिक्षिका फरहाना खातून **पीड़ित का नाम-** देवांश **विवरण-** काज़ीखेड़ा ब्लॉक बघरा में **उच्च प्राथमिक विद्यालय की एक मुस्लिम शिक्षिका फरहाना खातून ने** छठी क्लास में पढ़ने वाले एक **हिन्दू छात्र देवांश की चोटी काटी और तिलक मिटा दिया।** पीड़ित छात्र ने बताया की वह नियमित रूप से तिलक लगाकर और पूजा करके स्कूल जाता था। शिक्षिका फरहाना खातून ने उसे **ऑफिस में बुलाया** और **कैंची से उसकी चोटी काट दी।**	 indiatv
3)	11 दिसंबर, 2024	**'राधे-राधे' कहने पर मुस्लिम शिक्षक ने की छात्र की पिटाई** **स्थान-** नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश **आरोपी का नाम-** हबीब शाह खान **पीड़ित का नाम-** हिन्दू छात्र **विवरण-** चावरा देवी विद्यापीठ स्कूल के एक **मुस्लिम शिक्षक हबीब शाह खान** ने **राधे-राधे कहने** पर **हिन्दू छात्र की जमकर बेरहमी से पिटाई कर दी।** छात्र ने बताया उसने बस से उतरते समय अभिवादन में 'राधे-राधे' बोला इस पर छात्र के राधे-राधे बोलते ही टीचर हबीब शाह खान गुस्से में भर गया और कहा, 'अभी निकालता हूँ तेरा राधे-राधे।' इसके बाद उसने छात्र की पिटाई कर दी।	 tv9hindi

4)	4 सितंबर, 2025	**शिक्षक मोहसिन अली ने हिन्दू छात्रों को टारगेट करते हुए तिलक और कलावा पर लगाया रोका** **स्थान-** अमरोहा, उत्तर प्रदेश **आरोपी का नाम-** मोहसिन अली **पीड़ित का नाम-** हिन्दू छात्र **विवरण** - गजरौला क्षेत्र के पियर्स चढ्ढा इंटर कॉलेज में **मुस्लिम प्रिंसिपल मोहसिन अली ने** आदेश जारी कर **हिन्दू छात्रों को माथे पर तिलक लगाने,** हाथ में **कलावा बाँधने** और हाथ जोड़कर अभिवादन करने पर **रोक लगा दी,** जबकि छात्रों से केवल सलाम **करने को कहा गया।** इस घटना का छात्रों और उनके अभिभावकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि यह धार्मिक आस्था पर सीधा प्रहार है।	 zeenews
5)	19 जनवरी 2024,	**'जय श्रीराम' का नारा लगाने पर मुस्लिम शिक्षक ने छात्र को पीट** **स्थान-** शहडोल, मध्य प्रदेश **आरोपी का नाम-** शिक्षक मोहम्मद अब्दुल वहीद **पीड़ित का नाम-** कक्षा 7 का हिन्दू छात्र **विवरण-** बुढ़ार कस्बा के ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल में **कक्षा 7 के हिन्दू छात्र के "जय श्रीराम" के नारे लगाने पर** मुस्लिम शिक्षक **मोहम्मद अब्दुल वहीद ने छात्र को डंडे से बेरहमी से पीटा,** जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद छात्र के परिवार और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने शिक्षक व स्कूल निदेशक दोनों के खिलाफ FIR दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया।	 aajtak
6)	26 अगस्त, 2024	**मुस्लिम शिक्षिका ने तिलकधारी हिन्दू छात्रों को डांटा-पीटा** **स्थान-** बिजनौर, उत्तर प्रदेश **आरोपी का नाम-** मुस्लिम शिक्षिका तनवीर आयशा और मुख्तार अहमद अंसारी **पीड़ित का नाम-** कक्षा छह के छात्र यश और मयंक **विवरण-** भनेड़ा गांव के सरकारी स्कूल की एक **मुस्लिम शिक्षिका तनवीर आयशा** ने **कक्षा छह के 2 छात्रों यश और मयंक** को **तिलक लगाकर स्कूल आने पर** डांटा और **बेरहमी से पीटा** साथ आगे से स्कूल में तिलक लगा कर आने से मना किया। बच्चों ने घर जाकर अभिभावकों को बताया। परिजनों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) से शिकायत की जिसके बाद बीएसए ने मुस्लिम शिक्षिका को निलंबित कर दिया।	 navbharattimes

7)	26 अगस्त, 2023	**कड़ा पहनने पर हिन्दू छात्र की बेरहमी से पिटाई** **स्थान-** छतरपुर,मध्य प्रदेश **आरोपी का नाम-** शफीक **पीड़ित का नाम-** हिन्दू छात्र **विवरण** - उजरा गांव के सरकारी स्कूल में **मुस्लिम टीचर शफीक ने हिन्दू छात्र** की स्कूल में **हाथ में कड़ा पहन कर आने पर बहरेमी से पिटाई की।** पिटाई के बाद आरोपित टीचर ने जबरदस्ती पीड़ित का कड़ा उतरवा कर उसे ले जा कर नाले में फेंक दिया और छात्र को मेज पर खड़े होने की भी सजा दी। पीड़ित छात्र का कहना है जब उसने स्कूल के प्रिंसिपल से शिकायत तो प्रिंसिपल ने भी आरोपित टीचर का ही पक्ष लिया।	 ibc24
8)	8 सितंबर, 2022	**चंदन लगाने को पर मुस्लिम शिक्षक ने मचाया बवाल** **स्थान-** मिर्जापुर ,उत्तर प्रदेश **आरोपी का नाम** - मोहम्मद कासिफ **पीड़ित का नाम** - हिन्दू छात्र और छात्राएं **विवरण** - लालगंज क्षेत्र में एक इंटर कॉलेज का एक **मुस्लिम शिक्षक मोहम्मद कासिफ ने हिन्दू छात्र और छात्राओं को टीका लगाने पर फटकार लगाई** और कॉलेज में बने **मंदिर को बंद करवा दिया।** मंदिर के पुजारी ने बताया कि 50 वर्षों में पहली बार 3 दिनों तक मंदिर बंद रहा है। पीड़ित छात्र और छात्राओं ने बताया की 8 सितंबर, 2022 को शिक्षक मोहम्मद कासिफ स्कूल का निरीक्षण करते हुए मंदिर की ओर आया और उसने एक छात्रा के चंदन लगाने पर घोर आपत्ति जताई। और **हिन्दू छात्रा को धमकाते** हुए **मोहम्मद कासिफ** ने उनसे कहा, "जिस दिन मैं कॉलेज का प्रभारी रहता हूँ, उस दिन मंदिर का गेट बंद रखा कीजिए।	 bhaskar
9)	14 सितंबर, 2022	**स्कूल में मुस्लिम शिक्षक ने हिन्दू छात्र का कलावा तोड़ा** **स्थान-** मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश **आरोपी का नाम-** मुस्लिम शिक्षक सैफ अली **पीड़ित का नाम-** 11 वर्षीय हिन्दू छात्र **विवरण-** ठाकुरद्वारा में एक निजी स्कूल के **मुस्लिम शिक्षक सैफ अली ने** 11 साल के **हिन्दू छात्र के हाथ पर पहना हुआ कलावा तोड़ दिया** और इस पर अभद्र टिप्पणी की। छात्र ने घर जाकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। घटना के बाद हिन्दू संगठनों, जैसे बजरंग दल और एबीवीपी, ने विरोध प्रदर्शन किया।	 navbharattimes

10)	21 दिसंबर 2021	**हिन्दू छात्र के बैग से गीता निकालकर डस्टबिन में फेंका** **स्थान-** गया, बिहार **आरोपी का नाम-** शिक्षिका सदफ जहाँ **पीड़ित का नाम -** चौथी कक्षा का हिन्दू छात्र **विवरण -** डेलहा थाने इलाके में **मुस्लिम शिक्षिका सदफ ने** चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक **हिन्दू बच्चे के बैग से श्रीमगभगवद्गीता को निकाल कर डस्टबिन में फेंका** और हिन्दू देवी-देवताओं को गाली दी। शिक्षिका ने ये भी कहा कि तुम्हारे (हिंदुओं के) सभी 'देवी-देवता कुत्ते-कुतिया' की तरह हैं। पीड़ित छात्र ने बताया की वह हमेशा अपने बैग में श्रीमदभगवद गीता और साथ में जाप माला रखता है।	 opindia
11)	23 सितंबर, 2021	**शिक्षिका निशात बेगम ने हिन्दू छात्र को तिलक लगाने पर पीटा** **स्थान-** रायसेन, मध्यप्रदेश **आरोपी का नाम -** निशात बेगम **पीड़ित का नाम -** पवन सेन **विवरण -** गैरतगंज तहसील में एक सरकारी विद्यालय में **मुस्लिम शिक्षिका निशात बेगम ने** कक्षा 8 के **हिन्दू छात्र पवन सेन को तिलक लगाकर आने पर तिलक लगाने से मना किया** और और उसे **आगे से तिलक लगा कर आने से मना किया।** इसके बावजूद पवन तिलक लगाए स्कूल गया तो शिक्षक ने बाहरी कुछ लोगों को बुलाकर उसकी बेरहमी से पिटाई करवाई। जिससे वह बेहोश होकर अस्पताल में भर्ती हो गया।	 sanatanprabhat